Set-A 

# वार्षिक परीक्षा-2020-21

L-200

## हिन्दी

समय : 3 घन्टे

कक्षा नवम्

पूर्णांक 80

---

नोट— (1) इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं 'अ' और 'ब' ।

(2) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(3) यथासंभव प्रश्नों के उप भागों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

### खण्ड—'अ' (वस्तुपरक प्रश्न) 40

1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : 5

(क) बदलाव कभी भी लाया जा सकता है चाहे हमारी उम्र कुछ भी हो या आदत कितनी ही पुरानी हो, सही जानकारी और व्यवहार बदलने वाले तरीकों को इस्तेमाल करके बदलाव कभी भी लाया जा सकता है । हम बुरी और नुकसान पहुँचाने वाली आदतों से छुटकारा पा सकते हैं और अच्छी आदतें डाल सकते हैं । सफल लोगों का राज़ यह है कि वह काम करने की उन आदतों को डाल लेते हैं जो असफल लोग करना नहीं चाहते और न ही करते हैं । जरा उन चीजों के बारे में सोचिए जो असफल लोग नहीं करना चाहते ये वही काम है जिन्हें सफल लोग भी करना नहीं चाहते लेकिन वे फिर भी करते हैं । मिसाल के तौर पर असफल लोग अनुशासन और मेहनत करना पसंद नहीं करते । सफल लोग भी अनुशासन और कड़ी मेहनत (एक खिलाड़ी रोज सुबह उठकर प्रेक्टिस करने के अनुशासन को पसंद नहीं करता लेकिन फिर भी नियमित रूप से करता है) नापसंद करते हैं, लेकिन वे फिर भी ऐसा करते हैं क्योंकि इन लोगों ने उन कामों को करने की आदत डाल ली है जैसा असफल लोग नहीं कर पाते । सभी आदतें बहुत छोटे रूप से शुरू होती हैं लेकिन अंत में इनसे छुटकारा पाना बड़ा मुश्किल हो जाता है । नज़रिए और सोच का तरीका एक आदत है और इसे बदला जा सकता है । यह सवाल है, पुरानी बुरी आदतों को बदलकर नई अच्छी आदतों को अपनाने का । बुरी आदतों को अपनाना उन पर काबू पाने से आसान है मोह और लालच पर काबू करने से अच्छी आदतें बनती हैं । खुशमिजाज़ी जी और चिड़चिड़ापन भी आदतें हैं । उम्दा या अच्छा होना लगातार सचेत मन से तब तक किए गए प्रयास और मेहनत का नतीजा है, जब तक यह सब आदत नहीं बन जाता । इसे एक आदत में बदलने के लिए बहुत अधिक प्रैक्टिस की ज़रूरत होती है । हम सभी में कुछ खराब आदतें हैं जो हमें नीचे खींचती हैं ।

(क) हम किस उम्र में बदलाव ला सकते ? 1

(अ) बचपन में (ब) युवावस्था में

(स) बुढ़ापे में (द) किसी भी उम्र में

P. T. O.

(ख) सफल लोग कौनसा काम करते हैं ? 1

(अ) सभी तरह के काम (ब) केवल बुरे काम

(स) जो काम असफल नहीं करते (द) अच्छे काम

(ग) असफल लोग क्या काम करना पसंद नहीं करते ? 1

(अ) अनुशासन और मेहनत (ब) दूसरों की प्रशंसा

(स) ईमानदारी से काम (द) सभी विकल्प सही हैं ।

(घ) सफल लोग क्या करते हैं ? 1

(अ) अनुशासन में रहते हैं (ब) परेशान रहते हैं

(स) कड़ी मेहनत करते हैं (द) कभी कुछ नहीं करते हैं ।

(ड) आदत को बदलने के लिए किस की आवश्यकता पड़ती है ? 1

(अ) शिक्षा (ब) व्यवहार

(स) परिश्रम (द) प्रैक्टिस

(ख) सुख-दुख दोनों सृष्टि के परिवर्तन चक्र हैं । आज एक क्षण को जो सुखी दिखाई देता है वही कल को दुखी दृष्टिगोचर होता है । और जो आज दुखी है वही कल को सुखी जीवन व्यतीत करता दिखाई पड़ता है । विश्व परिवर्तनशील है और वास्तव में परिवर्तन ही जीवन है, यदि सभी एक समान रहें तो सृष्टि में निराशा का साम्राज्य छा जाएगा । यदि ऐश्वर्याशाली सदा अपनी स्थिति में रहे और दीन दुखी अपनी स्थिति में तो विश्व में पाप ही अधिक होगा । उनमें अराजकता, अत्याचार तथा अन्याय की भावना आ जाएगी । यदि दुखी तथा निर्धन मानव यह सोच ले कि मैं तो सदा ऐसा ही दुखी तथा निर्धन बना रहूँगा तो फिर उसमें आशा समाप्त हो जाएगी और वह आलसी हो जाएगा । परिश्रमी दुख के दिनों को भी अपने पुरुषार्थ एवं परिश्रम से सुख के दिनों में बदल देता है । सुख दुख दोनों ही वस्तुएं प्रत्येक प्राणी के हिस्से में विधाता ने लिखी हैं । हाँ कभी दुख पहले तो सुख पीछे, कभी सुख पहले तो दुख बाद में आता है । अत: सुख पाने वाले व्यक्ति को यह नहीं भूल जाना चाहिए कि हम कभी दुखी भी हो सकते हैं । अत: हमें गर्व नहीं करना चाहिए । समय का मूल्य समझते हुए प्रत्येक कार्य को उचित समय पर ही पूर्ण कर लेना चाहिए । समय बीत जाने पर पश्चाताप के अतिरिक्त अन्य कुछ हाथ नहीं आता है । अगर एक व्यक्ति ऊँची स्थिति से गिरता है तो उसे हताश नहीं होना चाहिए अपितु 'सब दिन होत न एक समान' का आदर्श सामने रखकर नए उत्साह से आगे बढ़ें क्योंकि हंसी में छिपा हुआ होता है रोना, विरह में पलती है फिर आशा ॥

(क) सृष्टि के परिवर्तन चक्र कौन से हैं ? 1

(अ) अच्छा-बुरा (ब) अमीर-गरीब

(स) लाभ-हानि (द) सुख-दुख

(ख) विश्व कैसा है ? 1

(अ) हमेशा एक जैसा रहने वाला (ब) सदैव लड़ने वाला

(स) हमेशा बदलने वाला (द) सदैव आगे बढ़ने वाला

(ग) सृष्टि में निराशा कब फैल जाएगी ? 1

(अ) यदि मनोरंजन न हो (ब) यदि प्रेम भावना हो

(स) यदि परिवर्तन न हो (द) यदि आपस में युद्ध हो

(घ) यदि सुखी हमेशा सुखी रहे और दुखी हमेशा दुखी रहे तो क्या होगा ? 1

(अ) लोग परेशान हो जाएँगे (ब) दुनिया में पाप बढ़ जाएगा

(स) लोग सुखी हो जाएँगे (द) सभी विकल्प ठीक हैं

(ड) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए— 1

(अ) परिवर्तन चक्र (ब) सुख-दुख

(स) लाभ-हानि (द) निराशा का साम्राज्य

2 निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 1×4

(क) जब कोई शब्द वाक्य का अंग बन जाता है, तब वह — 1

(अ) स्वतंत्र हो जाता है (ब) वाक्यांश बन जाता है

(स) वाक्य बन जाता है (द) पद बन जाता है ।

(ख) बच्चे ने डंडे से कुत्ते को मारा । इस वाक्य में कितने पद हैं ? 1

(अ) चार (ब) सात

(स) छह (द) आठ

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार शब्द छाँटिए— 1

(अ) कंचन (ब) आरभ

(स) आँख (द) मज़दूर

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से अनुनासिक शब्द छाँटिए— 1

(अ) संत (ब) चिड़ियाँ

(स) यंत्र (द) कबल

3 प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—

(क) 'सम्मान' में कौनसा उपसर्ग है— 1

(अ) सम् (ब) समा

(स) मान (द) सम

P. T. O.

(ख) 'इया' प्रत्यय किस शब्द में है ? 1

(अ) बिटिया (ब) लिपिक

(स) पुजारिन (द) लाडला

(ग) 'बदसूरत' में उपसर्ग है— 1

(अ) बद (ब) सूरत

(स) बदस (द) कोई नहीं

(घ) 'गरिमा' शब्द में कौनसा प्रत्यय है— 1

(अ) इमा (ब) मा

(स) गरि (द) म

4 रेखांकित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों का उचित अर्थ छाँटकर लिखें—

(क) कितना अभिराम दृश्य है उसे अविराम देखते रहने का मन करता है— 1

(अ) लगातार-सुंदर (ब) सुंदर-लगातार

(स) अच्छा-बार बार (द) बुरा-कभी नहीं

(ख) रिक्त स्थान में उचित श्रुति सम भिन्नार्थक शब्द लिखें— 1

.................. एक बड़ा सुंदर ग्रह है जिस पर अपना एक प्यारा सा .................. है ।

(अ) पृथ्वी-मैदान (ब) पृथ्वी -ग्रह

(स) गृह - गृह (द) धरती - गृह

(ग) 'वायु' शब्द का पर्यायवाची है— 1

(अ) जहाज (ब) शिक्षा

(स) सत्य (द) हवा

(घ) 'सूरज' का पर्यायवाची नहीं है— 1

(अ) दिनकर (ब) सूर्य

(स) राहुल (द) आदित्य

(ङ) 'धर्म' का विलोम शब्द है— 1

(अ) धार्मिक (ब) अधर्म

(स) नास्तिक (द) पूजा

(च) 'सत्य' के लिए उचित विलोम शब्द छाँटिए— 1

(अ) असत्य (ब) सच्चाई

(स) सच (द) झूठ

5 (क) निम्नलिखित वाक्यों में से प्रश्न वाचक वाक्य छाँट कर लिखिए— 1

(अ) पृथ्वी गोल है | (ब) ईश्वर सबकी सहायता करें
(स) अहा ! कैसा सुहावना मौसम है | (द) संगीता घर कब आएगी ?

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से विस्मय वाचक वाक्य छाँट कर लिखिए— 1

(अ) शाबाश ! ऐसे ही उन्नति करते रहना | (ब) भगवान आपका भला करें।
(स) क्या आप पुस्तक पढ़ोगे ? | (द) यह मेरी कक्षा है ।

6 पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के उचित विकल्प चुनकर लिखिए— 1×4

उभरी नसों वाले हाथ, घिसे नाखूनों वाले हाथ,
पीपल के पत्ते से नए-नए हाथ,
जूही की डाल से खुशबूदार हाथ,
गंदे कटे-पिटे हाथ, जख्म से फटे हाथ,
खुशबु रचते हैं हाथ, खुशबू रचते हैं हाथ ।

(क) यह काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?

(अ) नए बसते इलाके में | (ब) खुशबूदार हाथ
(स) खुशबू रचते हैं हाथ | (द) कर्म और हाथ

(ख) काव्यांश में कितने प्रकार के हाथों की बात की गई है ?

(अ) छः | (ब) पाँच
(स) तीन | (द) उपरोक्त कोई नहीं

(ग) पीपल के पत्ते किन हाथों का प्रतीक हैं ?

(अ) बूढ़ों के | (ब) बच्चों के
(स) औरतों के | (द) किसी के भी नहीं

(घ) इस कविता के कवि का नाम बताइए ?

(क) नवीन कमल | (ब) अरुण कमल
(स) सूर्य कमल | (द) कमल अरुण

7 पठित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए—

(क) गोधूलि पर कितने कवियों ने अपनी कलम नहीं तोड़ दी, लेकिन यह गोधूलि गाँव की अपनी संपत्ति है, जो शहरों के बाटे नहीं पड़ी । एक प्रसिद्ध पुस्तक विक्रेता के निमंत्रण-पत्र में गोधूलि की बेला में आने का आग्रह किया गया था, लेकिन शहर में धूल-धक्कड़ के होते हुए भी गोधूलि कहाँ है ? यह कविता की विडंबना थी और गाँवों में भी जिस धूलि की कवियों ने अमर किया है, वह हाथी-घोड़ों के पग संचालन से उत्पन्न होने वाली धूल नहीं है, वरन गो-गोपालों के पदों की धूलि है ।

(क) गोधूलि किस की संपत्ति है ?

(अ) गाँवों की (ब) गाय की

(स) शहरों की (द) देश की

(ख) गाँवों की अमर धूलि है—

(अ) गो-गोपालों के पद की धूलि (ब) हाथी-घोड़ों के पैरो की धूलि

(स) सारी पृथ्वी की धूलि (द) आँधी में उड़ने वाली धूल

(ग) कलम तोड़ने का अर्थ है—

(अ) पेन तोड़ना (ब) सुंदर लिखना

(स) कलम फेंकना (द) लिखते रहना

(घ) पुस्तक विक्रेता ने कहाँ आने का निमंत्रण दिया ?

(अ) गोधूलि की बेला में (ब) गोधूलि की संध्या में

(स) गोविंद धाम में (द) अपने निवास स्थान में

(ङ) इस गद्यांश के लेखक का नाम बताइए ?

(अ) श्री रामविलास शर्मा (ब) श्री विलास राम शर्मा

(स) श्री राम लाल शर्मा (द) श्री चमन राम शर्मा

(ख) इस समय तक ल्हाटू ने हमारे नेता को एवरेस्ट पर हम चारों के होने की सूचना दे दी थी। तब मेरे हाथ में वॉकी-टॉकी दिया गया । कर्नल खुल्लर हमारी सफलता से बहुत प्रसन्न हुए। मुझे बधाई देते हुंए उन्होंने कहा, मैं तुम्हारी इस अनूठी उपलब्धि के लिए तुम्हारे माता-पिता को बधाई देना चाहूँगा। वे बोले कि देश को तुम पर गर्व है और अब तुम ऐसे संसार में वापस जाओगी जो तुम्हारे अपने पीछे छोड़े हुए संसार से एकदम भिन्न होगा।

(क) एवरेस्ट पर चारों के होने की सूचना किसने दी ? 1

(अ) सोनम (ब) ल्हाटू

(स) बचेंद्री (द) कर्नल

(ख) वॉकी-टॉकी किसके हाथ में दिया गया ? 1

(अ) बचेंद्री पाल (ब) कर्नल

(स) लोपसांग (द) सोनम

(ग) कर्नल खुल्लर किसे बधाई देना चाहते थे ? 1

(अ) सभी के माता-पिता (ब) लेखिका के माता-पिता

(स) अपने माता-पिता (द) ल्हाटू के माता-पिता

(घ) बचेंद्री कैसे संसार में वापस जाने वाली थी ? 1

(अ) भिन्न संसार (ब) नए संसार

(स) पुराने संसार (द) अजीब संसार

(ङ) पाठ का उपयुक्त शीर्षक बताइए ? 1

(अ) एवरेस्ट की यात्रा (ब) मेरी यात्रा एवरेस्ट

(स) एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा (द) एवरेस्ट अभियान

## खण्ड—ख (वर्णनात्मक प्रश्न) 40

पाठ्य (14 अंक)

8 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : 2×2 = 4

(क) सुखिया ने अपने अन्तिम समय में क्या इच्छा प्रकट की और क्यों ?

(ख) लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था ?

(ग) लोपसांग ने तंबू का रास्ता कैसे साफ़ किया ?

9 रैदास के पद 'अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी' का मूलभाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'दुख का अधिकार' पाठ का शीर्षक कहाँ तक सार्थक है अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए । 4

10 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : 3×2 = 6

(क) गिल्लू की किन चेष्टाओं से यह आभास मिलने लगा था कि अब उसका अंत समीप है तथा उसका अंत होने पर लेखिका ने उस की समाधि कहाँ बनाई ?

(ख) मालाबार में हिन्दू मुसलमानों के परस्पर संबंधों को हामिद खाँ कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) स्मृति पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने साँप का ध्यान बंटाने के लिए क्या-क्या युक्तियाँ अपनाईं ?

लेखन शैली (26 अंक)

11 किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (6)

(क) कम्प्यूटर वर्तमान युग की आवश्यकता

(अ) कंप्यूटर—लाभ और हानियाँ (ब) मनोरंजन का उपकरण

(स) ज्ञान का साधन (द) इंटरनेट की दुनिया

(य) दुष्प्रचार

(ख) बाल मजदूरी समाज का कलंक

(अ) भूमिका | (ब) अभिभावकों की गरीबी और शिक्षा

(स) शिक्षा के साधनों का अभाव | (द) मुफ्त और जरूरी शिक्षा का उपाय

(य) उपसंहार

(ग) मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

(अ) भारत में विभिन्न धर्म | (ब) एकता के तत्व

(स) स्वार्थी तत्वों द्वारा धर्म का इस्तेमाल | (द) राजनीति द्वारा धर्मों का उपयोग

(य) सांप्रदायिक सौहार्द जनता द्वारा

12 परीक्षा के खराब प्रदर्शन से दुखी मित्र को पत्र लिखकर बताएँ कि प्रयास करने से ब ठीक हो जाएगा।

**अथवा**

आपकी माता जी ने भगवती जागरण करवाने का कार्यक्रम बनाया है। इस शुभ अवसर पर अपने मित्र अथवा सखी को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। 5

13 अपनी सखी के दादा जी की आकस्मिक मृत्यु का शोक संदेश लिखिए।

**अथवा**

आपके भाई का चयन आर्मी में हुआ है उसकी कामयाबी पर एक बधाई संदेश लिखिए। 5

14 दर्दनाक सड़क दुर्घटना का वर्णन करते हुए दो पड़ोसियों के मध्य हुए संवाद को लिखिए।

**अथवा**

अनचाहे अतिथि के आगमन पर भाई और बहन के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए। 5

15 किसी टूथपेस्ट की विशेषताओं से संबंधित एक सुदर नारा लिखिए। 5

**अथवा**

अंग दान विषय पर एक सुन्दर नारा लिखिए। 5